बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-53
17/01/2023

# मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ0 रामकृपाल सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 17 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ0 रामकृपाल सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि मुजफ्फरपुर के औराई के मटिहानी गांव निवासी डॉ0 रामकृपाल सिन्हा मोरारजी देसाई सरकार में केन्द्रीय श्रम एवं संसदीय मामलों के राज्य मंत्री रहे थे। जननायक कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में भी उन्होंने कैबिनेट मंत्री के तौर पर अपनी सेवायें दी थीं। डॉ0 रामकृपाल सिन्हा गोवा की पूर्व राज्यपाल स्व0 मृदुला सिन्हा के पति थे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******